कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।
दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com

जल सारथी

पत्रांक : 3982 / वि-3 / 29 दिनांक : 15/07/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :– दिनांक 15.07.2026 को हिन्दुस्तान न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशन की टंकी बनी शोपीस, तेंदुआ गांव में नहीं मिल रहा भरपूर पानी'' के संबंध में।**

महोदय,




कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 15.07.2026 को हिन्दुस्तान न्यूज पेपर की प्रकाशित खबर में ''जल जीवन मिशन की टंकी बनी शोपीस, तेंदुआ गांव में नहीं मिल रहा भरपूर पानी'' शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद हरदोई के विकास खण्ड मल्लावां की तेंदुआ ग्राम समूह पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत है:–

| बिन्दु | प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|---|
| 1. | मल्लावां ब्लॉक की ग्राम पंचायत तेंदुआ में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण पूरा हो गया है, लेकिन परिवारों तक नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। 25 से 40 प्रतिशत परिवारों के नल कनेक्शन अधूरे हैं।<br>**जलापूर्ति की कमी**<br>गांव में अब भी 25 से 40 प्रतिशत परिवारों के नल कनेक्शन अधूरे हैं, जिससे पाइपलाइन अधिकांश स्थानों पर सूखी पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में पानी के लिए उन्हें हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई पुराने कुएं सूख चुके हैं या अस्तित्व में नहीं हैं, जिससे पेयजल संकट और गहरा गया है।<br>**ग्रामीणों की मांग**<br>ग्रामीण कुलदीप, रवि कुमार, रामशंकर और प्रेमसागर ने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण जल जीवन मिशन का लाभ सभी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने मांग की कि शेष घरों में जल्द नल कनेक्शन देकर टंकी से नियमित और पर्याप्त पानी की आपूर्ति शुरू कराई जाए। ग्राम प्रधान/प्रशासक सचेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गांव के सभी लोगों को अभी भरपूर पानी नहीं मिल रहा है। 25 प्रतिशत से अधिक परिवारों के नल कनेक्शन बाकी | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड मल्लावां की ग्राम पंचायत गोसवा नेवादा को सम्मिलित करते हुये, योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 820 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 16.469 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 818 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 15.487 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि विकास खण्ड मल्लावां की तेंदुआ ग्राम समूह पेयजल योजना के समस्त राजस्व ग्रामों में (नेवादा महमूद को छोड़कर) क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है। फोटोग्राफ संलग्नक है:–<br>योजनान्तर्गत गोसवा नेवादा के राजस्व ग्राम नेवादा महमूद में कैनाल क्रॉसिंग न होने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है जिसे कैनाल क्रॉसिंग हेतु एन0ओ0सी0 संबंधित विभाग(शारदा नहर खण्ड) से प्राप्त कर, पेयजल संबंधी समस्त कार्य करा कर उक्त ग्राम में नियमित पेयजलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी।<br>ग्रामीण कुलदीप, रवि कुमार, रामशंकर और प्रेमसागर द्वारा लगाये गये आरोपों के संबंध में अवगत कराना |

| | | |
|---|---|---|
| | हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्य पूरा कर नियमित जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। | है कि उक्त योजना निर्माणाधीन है, जिसके समस्त कार्य पूर्ण कर उपरोक्त ग्रामीणों के घर पर पेयजल ग्रह संयोजन अधिष्ठापित कर सतत पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। |

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(मनीष गंगवार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठसं० एवं दिनांक** उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) महोदय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
4. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता।
5. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**